# साइकिल धावकों ने रैली निकालकर दिया मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का संदेश

**बीकानेर,**(कासं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के मद्देनजर मंगलवार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के साइकिल धावकों ने जागरूकता रैली निकालकर मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पात्र लोगों के नाम जुड़वाने का संदेश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने वृद्धजन भ्रमण पथ के आगे से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियां का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है। इस दौरान पात्रता रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहे।



जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने वृद्धजन भ्रमण पथ के आगे से साइकिल धावकों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि युवा साइकिल धावक अभियान के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें। इस दौरान गुरूदेव साइक्लिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक किशन कुमार पुरोहित ने जिला निर्वाचन अधिकारी को साइकिल धावकों का परिचय करवाया और विभिन्न स्पर्धाओं में उनकी भागीदारी की जानकारी दी।

उन्होंने बीकानेर के साइक्लिंग इतिहास के बारे में बताया। स्वीप सह प्रभारी हरिशंकर आचार्य ने पुनरीक्षण अभियान के दौरान आयोजित होने वाली जागरूकता की गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का परिचय गोपाल जोशी ने दिया। जिला खेल अधिकारी श्रवण भांभू ने आभार जताया।

मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर से प्रारम्भ हुआ। छह जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन मंगलवार को हुआ। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 रखी गई है।

एक जनवरी 2025 को मतदाता पंजीकरण हेतु पात्र हो रहे युवा, प्रारूप प्रकाशन की तिथि से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम के तहत मतदाताओं से 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जायेगी।

नौ और 23 नवम्बर को मतदाता सूचियों के संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभा या स्थानीय निकाय एवं आवासीय वेलफेयर समिति के साथ बैठक कर पठन एवं सत्यापन किया जायेगा। 10 और 24 नवम्बर को मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान के तहत राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं के साथ दावे आपत्तियों के आवेदन लिए जायेंगे। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर तक किया जायेगा। एक जनवरी 2025 को हेल्थ पैरामीटरों की जांच एवं अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग की अनुमति के बाद डेटाबेस को अपडेट एवं पूरक का मुद्रण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जायेगा। त्रुटि रहित मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए पुनरीक्षण संबंधी सभी गतिविधियां भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार संपादित की जायेगी।

■ **नौ और 23 नवम्बर को मतदाता सूचियों के संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभा में पठन एवं सत्यापन किया जायेगा**

जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती नम्रता वृष्णि ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न आदेश जारी किए हैं। दीपावली के मद्देनजर यह आदेश 29 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक प्रभावी रहेंगे। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में स्थित पैट्रोलियम एवं उससे बने पदार्थों के संस्थान (पैट्रोल पम्प, गैस गोदाम, गैस बॉटलिंग प्लांट) के अनुज्ञापित क्षेत्र एवं उससे 500 मीटर की परिधि क्षेत्र में पटाखों एवं आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

इसी प्रकार आर्मी एरिया, एयर फोर्स बीकानेर, नाल व आर्मी के एम्यूनेशन डिपो के 500 मीटर परिधि में तथा शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के.ई.एम. रोड, स्टेशन रोड, गंगाशहर रोड, दाऊजी रोड, सट्टा बाजार गली, लाभूजी कटला, बड़ा बाजार, तोलियासर भैंरूजी की गली, जिन्ना रोड व कपड़ा बाजार (गंगाशहर) आदि क्षेत्रों में पटाखे एवं आतिशबाजी को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

## कांटीवाल का आर.जे.एस.में चयन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सादुशहर के हरिकृष्ण कांटीवाल को लगातार स्टडी पर फोकस और आर.जे.एस. बनने की धुन ने आर.जे.एस. जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में सफलता दिलाई। तीसरे अटेम्प में उन्होंने 131वीं रैंक हासिल की हैं।

कांटीवाल सादुलशहर के एक साधारण परिवार से हैं। पिता लालचंद कांटीवाल और एक भाई सादुलशहर में जनरल स्टोर चलाते हैं। जबकि एक भाई जोधपुर डिस्कॉम में तकनीकी सहायक हैं। कांटीवाल बताते हैं जब उन्हें रविवार को उनकी सफलता की सूचना मिली तो ऐसे लगा जैसे सपना सच हो गया हो। कांटीवाल बताते हैं कि उन्होंने श्रीगंगागनर में वकालत से कैरियर शुरू किया। इसके बाद बैंकिंग सेवा में गए और अंततः आर.जे.एस. में सफलता मिली।

कांटीवाल ने 2015 में एलएलबी की। इसी साल जिला कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। साथी वकीलों की प्रेरणा से न्यायिक सेवा में जाने के लिए तैयारी शुरू की। वर्ष 2019 में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में सहायक मैनेजर (लॉ) के पद पर चयनित हो गए। इसी साल पंजाब नेशनल बैंक के लिए एग्जाम दिया तो मैनेजर (लॉ) के पद पर चयन हो गया। पिछले साल प्रमोट होकर इसी बैंक में सीनियर मैनेजर (लॉ) बने। कांटीवाल बताते हैं कि वे वर्ष 2019 में आर.जे.एस. मैन्स पास नहीं कर पाए। वर्ष 2021 में प्री ही क्वालिफाई नहीं कर पाए लेकिन हार नहीं मानी। इस साल उनकी मेहनत रंग लाई और वे आर.जे.एस. परीक्षा में चयनित हो पाए। उनकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। कांटीवाल की सफलता की जानकारी परिवार को मिलते ही सादुलशहर स्थित उनके आवास पर जश्न का माहौल हो गया।

## सार-समाचार

### आर.जे.एस.में चयन पर सम्मान



मेघवाल एवं संविधान दिवस समारोह समिति ने आर. जे. एस. में चयनित पूजा जनागल का सम्मान किया।

**बीकानेर,** (कासं)। मेघवाल सम्मान समारोह समिति एवं संविधान दिवस समारोह समिति के तत्वावधान में बीकानेर की बेटी पूजा जनागल का न्यायिक सेवा आर. जे. एस. में चयन होने पर सम्मान किया गया। पूजा जनागल ने ये सफलता प्रथम प्रयास में प्राप्त की है। पूजा जनागल को संविधान प्रति और गुलदस्ता भेंट देकर सम्मान किया गया। पूजा जनागल ने इस सफलता का श्रेय अपने माता आकांक्षा जनागल और पिता श्रवण जनागल को दिया और कहा कि शिक्षा के प्रति समर्पित युवा पीढ़ी जब तक पढ़ना चाहे पढ़ने देना चाहिए। वैवाहिक बंधनों में उनको न बांधा जाए और जहां तक हो सके उनको अपने हिसाब से जीवन जीने देना चाहिए। इस अवसर पर अशोक जनागल ने कहा कि पूजा जनागल ने ये सफलता का कीर्तिमान राजकीय सेवा में रहते हुए हासिल किया है जो कड़ी मेहनत को दर्शाता है और ये समाज और राष्ट्र को एक नई दिशा देने वाला पल है। डॉ सुशील मोयल ने कहा कि पूजा जनागल समाज की बालिकाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर शिव खुराव, चुन्नीलाल हटीला, हिम्मत जनागल, संजय जनागल, राजकुमार बारूपाल, श्याम जनागल, विनोद जनागल, रूपाली देवी, निशा जनागल, अनुराग जनागल, रंजना जनागल आदि उपस्थित थे।

### चिकित्सा व्यवस्थाएं जांची



मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने पीबीएम अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने दीपावली पर्व को देखते हुए पीबीएम अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डॉ. सोनी ने हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल ट्रोमा सेंटर तथा बच्चा अस्पताल का निरीक्षण किया और विभागाध्यक्षों से चिकित्सकीय प्रबंधन की जानकारी ली। इस दौरान सभी विभागाध्यक्ष को मरीजों के लिए दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने, सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने, स्टाफ की समय पर उपस्थिति रहने संबंधित निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर पीबीएम की आपातकालीन इकाईयों में करीब 20 अतिरिक्त डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई गई है जो राउण्ड द क्लॉक अपनी सेवाएं देंगे। इसी के साथ ट्रोमा सेंटर में डॉ. एल. के. कपिल की देखरेख में भी अतिरक्ति डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई गई है जिससे आपातकाल में आने वाले मरीजों को असुविधा न हो।

### संभाग स्तरीय अमृता हाट मेला 4 से

**बीकानेर,** (कासं)। संभाग स्तरीय अमृता हाट मेला 4 से 10 नवम्बर तक जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में आयोजित किया जायेगा। महिला अधिकारिता विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस मेले का उद्घाटन चार नवंबर, सोमवार को सायं 4 बजे किया जायेगा। मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से सौ से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं विभिन्न उत्पाद लेकर भागीदारी निभायेगी। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ अनुराधा सक्सेना ने बताया कि विभाग द्वारा मेले की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डॉ सक्सेना ने बताया कि मेले के दौरान महिलाओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक संध्या सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए हीमोग्लोबिन, पेप्सीमियर आदि की जांच की जायेगी। उन्होंने बताया कि 4 नवम्बर को उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। पांच नवम्बर को लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक संध्या, 6 नवम्बर को राजस्थानी वेशभूषा फैशन शो, 7 नवम्बर को उद्यमिता विकास कार्यशाला एवं खेलकूद प्रतियोगिता, 8 नवम्बर को कैचिंग कैम्प एवं लोकगीत, 9 नवम्बर को स्केचिंग कैम्प एवं सांस्कृतिक संध्या तथा 10 नवम्बर को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा।

### क्विज प्रतियोगिता में शैलजा प्रथम

**बीकानेर,** (कासं)। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज, नई दिल्ली की ओर से 28 अक्टूबर को मेहरानगढ़, जोधपुर में राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन्टेक बीकानेर की ओर से इस प्रतियोगिता में, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई महारानी किशोरी देवी गर्ल्स स्कूल की दो छात्राओं शैलजा राठौड़ व काजल कंवर का दल जोधपुर भेजा गया। इन्टेक बीकानेर चैप्टर के कन्वीनर पृथ्वीराज रतनू ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शैलजा राठौड़ पुत्री प्रेमसिंह राठौड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# मोहता आयुर्वेद रसायनशाला की 90 दवाओं का पेटेंट

■ **यहां बनने वाले जीवन ज्योति च्यवनप्राश में इम्युनिटी बढ़ाने के लिए चांदी की भस्म मिलाई जाती है**

**बीकानेर,** (कासं)। यहां स्टेशन रोड स्थित मोहता आयुर्वेद रसायन शाला की स्थापना 107 साल पहले यानी 1917 में हुई। आज इस रसायन शाला में 511 आयुर्वेदिक दवाओं का निर्माण हो रहा है जिसमें 400 के करीब दवाएं लगातार बन रही है। इनमें से 200 औषधियों का रोजाना इस्तेमाल होता है।

रसायन शाला की करीब 90 आयुर्वेदिक दवाएं ऐसी हैं जिनका पेटेंट हो रखा है। मोहता रसायन शाला में निर्मित दवाएं तीन राज्यों के लोग अपने स्वास्थ्य लाभ के लिए ले रहे हैं। बीकानेर में बनने वाली ये दवाएं पूरे राजस्थान के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा में भी जाती हैं। तीनों ही राज्य में आयुर्वेद की दवाओं के काउंटर हैं जहां इनके मेडिकल रिप्रजेंटेटिव आगे माल सप्लाई करते हैं। मोहता रसायन शाला का शुगर, लीवर, किडनी सहित 90 दवाओं का पटेंट भी करवा रखा है।

रसायन शाला की जया रामपुरिया ने बताया कि हमारे यहां 40 से अधिक दवाओं में सोने और 35 से अधिक दवाओं में चांदी जैसे धातुओं के मिश्रण से दवाओं का निर्माण होता है। इसके अलावा हमारा रसायन शाला के पास ही औषधालय भी है जहां रोजाना करीब 150 लोग अपने रोगों का इलाज करवाते हैं। औषधालय में सभी औषधियां निशुल्क ही दी जाती हैं। इतना ही नहीं यहां पर पंचकर्म और फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी जाती है। इसके अलावा शहर में पांच जगहों पर ऐसे ही औषधालय चल रहे हैं।

मोहता औषधालय की ओर से शहर में छह जगहों पर निशुल्क औषधालय संचालित हो रहे हैं। यहां 5 दिन की औषधियां निशुल्क दी जाती हैं। स्टेशन रोड पर स्थित मोहता रसायन शाला औषधालय के अलावा मोहता चौक, जेएनवी के शिव मंदिर में आयुर्वेदिक औषधालय, आर्मी एरिया, बीएसएफ, बंगलानगर में भी आयुर्वेदिक औषधालय संचालित किए जाते हैं। मोहता चौक में तो एक दंत चिकित्सालय भी है। मोहता रसायन शाला का आयुर्वेद च्यवनप्राश की सप्लाई देश में कई जगहों पर होती है। यहां 3 तरह के च्यवनप्राश बनते हैं। सबके दो-दो-तीन किस्में होती हैं। साधारण, स्पेशल और जीवन ज्योति। यहां बनने वाले जीवन ज्योति च्यवनप्राश में इम्युनिटी बढ़ाने के लिए चांदी की भस्म मिलाई जाती है।

## रेणु भोभरिया जज बनी

**बीकानेर,** (कासं)। जिले की लूणकरनसर की रहने वाली रेणु भोभरिया का राजस्थान न्यायिक सेवा (आरजेएस) परीक्षा में चयन होने पर उपखंड क्षेत्र में खुशी की लहर है।

रेणु ने राजस्थान में 68 वीं रैंक हासिल की है। पिछले वर्ष रेणु की बहन भावना भोभरिया का भी आरजेएस में चयन हुआ था, जो वर्तमान में सूरतगढ़ में न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत हैं। रेणु इन दिनों श्रीगंगानगर में रह रही हैं, जहां उनके पति डॉ. रोहिताश चंदौरा का निजी अस्पताल है। रेणु ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई बीकानेर से की और वहां से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की।

इसके बाद उन्होंने एल.एल.एम., नेट सहित कई अन्य डिग्रियां भी हासिल की। पिछले वर्ष उन्होंने जेएलओ परीक्षा भी पास की थी, लेकिन जॉइन नहीं किया। रेणु भोभरिया ने बिना किसी कोचिंग के घर पर ही आर.जे.एस. परीक्षा की तैयारी की और अपने आत्मविश्वास और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया।

# वृद्धा पर तलवार से हमला करने वाले गिरफ्तार

■ **रात को करीब 1.30 बजे दो नकाबपोश बदमाश घर में घुसे**

**बीकानेर,** (कासं)। खाजूवाला पुलिस ने खाजूवाला के आजाद नगर में घर में घुसकर वृद्धा पर तलवार से जानलेवा हमले करने के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के हाथ लगे दोनों हमलावर लूट के इरादे से घर में घुसे थे या कोई और वजह थी, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। वारदात के दौरान बताया गया कि हमलावर लूट के इरादे से घर में घुसे और महिला के जागने पर उस पर हमला कर दिया। इस पर संदेह जताया जा रहा है। क्योंकि बदमाशों को अगर वृद्धा से लूट करनी थी तो वे आसानी से कर सकते थे।

वृद्ध महिला विरोध में दोनों जवान बदमाशों के सामने विरोध में नहीं टिक सकती थी। वारदात के पीछे प्रेम प्रसंग या अन्य कोई और कारण हो सकता है जिसका पुलिस को पता लगाना है। 23 अक्टूबर की रात को खाजूवाला के आजाद नगर में 70 साल की वृद्धा निर्मला देवी स्वामी अपने पोते सुमित के साथ घर के आंगन में सो रही थी। उसका बेटा रामकुमार, बहु और पोती अंदर सो रहे थे। रात को करीब 1.30 बजे दो नकाबपोश बदमाश घर में घुसे। इस दौरान वृद्धा जाग गई तो बदमाशों ने उस पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। वृद्धा के गले पर 7 व हाथ पर 5 टांके आये। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में छानबीन कर हमलावरों को नमजद किया।

# बीकानेर में करीब 80 लाख दीपक रोशन होंगे

■ **पिछले साल के मुकाबले 15 से 20 प्रतिशत तक महंगे हुए मिट्टी के दीपक**

**बीकानेर,** (कासं)। दीपावली के पंच दिवसीय उत्सव के दौरान हर घर पर दीपक झिलमिलाएंगे। इस दीपावली की रात को बीकानेर में करीब 75 से 80 लाख दीपक रोशन होंगे। करीब 100 परिवार दीपक बनाने के काम में पिछले तीन महीने से जुटे हुए थे। इनमें से 65 से 70 परिवार तो हाथों से दीपक बनाने में जुटे हुए थे। वहीं 30 से 35 परिवार मशीनों से दीपक बनाने में जुटे हुए थे।

हाथों से बनने वाले दीपकों की तुलना में मशीन से स्टाइलिस्ट और तेजी से दीपक बनाए जाते हैं। इन दीपकों को बनाने में करीब 20 ट्रॉली कोलायत की मिट्टी, 10 पिकअप लखासर से कालरो मिट्टी और 8 पिकअप पीली मिट्टी काम में ली गई है। दीपक बनाने में करीब 500 से ज्यादा लोग जुटे हुए थे। हाथों से दीपक बनाकर बेचने वाले उदयरामसर के पीरू प्रजापत का कहना है कि पिछली साल की तुलना में इस बाद दीपकों की बिक्री 20 से 25 प्रतिशत कम हुई है। पिछले साल तक एक परिवार 80 से 100 दीपक खरीदता था, वे ही इस बास 50 से 51 दीपक खरीद रहे हैं। वहीं कुछ परिवार मशीनों से बनने वाले स्टाइलिस्ट और बड़े दीपक खरीद रहे हैं।

## मारपीट कर बाइक व नकदी छीनी

**बीकानेर,** (कासं)। नाल पुलिस थाना क्षेत्र में गेमना पीर रोड पर एक युवक को रोककर उसके साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है।

मेघासर निवासी लीलाधर मेघवाल दिन में करीब 12:30 बजे बाइक पर सवार होकर अपने घर से रवाना हुआ था। गेमनापीर रोड पर एक अनजान व्यक्ति ने उसे रोक लिया। इस दौरान दो लोग और वहां आ गए तीनों ने लीलाधर के साथ मारपीट की और उसकी आंखों में मिर्च डाल दी। बदमाशों ने लीलाधर का मोबाइल और 4000 रूपये छीन लिए। उसकी मोटरसाइकिल भी छीन ली। वारदात को अंजाम देकर तीनों बदमाश बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। बाद में नाल थाना पुलिस को सूचना दी।

# 90 श्रमिकों के मस्टररोल में फर्जी नाम जोड़ भुगतान उठाया

■ **श्रीडूंगरगढ़ की सावंतसर ग्राम पंचायत में एक ही समयावधि में दो-दो जगह मस्टररोल में मिले नाम**

**बीकानेर,** (कासं)।में 90 श्रमिकों के एक ही समयावधि में दो-दो जगह मस्टररोल में फर्जी तरीके से नाम जोड़कर लाखों रूपए भुगतान उठाने और मामला उजागर होने के डर से एक जगह का भुगतान वापस जमा कराने का मामला सामने आया है।

एसीबी ने तत्कालीन सरपंच और ग्रामसेवक के खिलाफ आपसी मिलीभगत और पद के दुरूपयोग का मामला किया है। वर्ष 2010 से 14 तक श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति की सावंतसर ग्राम पंचायत में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ। एसीबी ने प्राथमिक जांच में माना कि तत्कालीन सरपंच ओमप्रकाश मेघवाल और ग्रामसेवक पृथ्वीराज तिवाड़ी ने आपसी मिलीभगत और पद के दुरूपयोग से मस्टररोल में फर्जी तरीके से श्रमिकों के नाम जोड़े और भुगतान उठा लिया। 90 श्रमिकों के एक ही समयावधि में दो अलग-अलग जगहों पर मस्टररोल में नाम जोड़े और 2,70,518 रूपए का भुगतान उठाया। इस संबंध में जब आरोपियों की पोल खुलने और जांच करवाए जाने का अंदेशा हुआ तो एक जगह के मस्टररोल की राशि वापस जमा करा दी गई। एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि पहले फर्जीवाड़ा कर राज्य सरकार को लाखों रूपए का नुकसान पहुंचाया। बाद में अपराध छिपाने की नीयत से एक जगह के मस्टररोल भुगतान की राशि वापस जमा कराई। इससे अपराध किया जाना तो प्रमाणित हो जाता है। इंस्पेक्टर श्रवण कुमार बिश्नोई ने पीई की जांच कर आरोप प्रमाणित माना और पूरी रिपोर्ट एसीबी मुख्यालय जयपुर भेजी गई। एएसपी महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि मुख्यालय ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रामायण के चुनिंदा अंशों का कमल रंगा ने किया राजस्थानी में अनुवाद

■ **राजस्थानी के अलावा भी अन्य भाषाओं में छंद युक्त अनुवाद**

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय ज्ञान परम्परा का महत्वपूर्ण काव्य ग्रंथ रामायण जिसका सार रूप में बादशाह राणा हुसैन द्वारा आज से करीब 9 दशक पहले उर्दू में रचे गए उसका राजस्थानी में बेहतरीन एवं महत्वपूर्ण अनुवाद राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने किया।

कमल रंगा द्वारा आज प्रातः दीप पर्व के आगाज के अवसर पर रामायण के चुनिंदा अंश राजस्थानी भाषा की मठोठ के साथ लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में प्रस्तुत किए गए। जिसे सुनकर उपस्थित सहभागियों ने रामायण के मर्म के साथ राजस्थानी भाषा की मठोठ का भी आनंद लिया। रंगा द्वारा अनुवाद किये गए रामायण के चुनिंदा अंशों के माध्यम से राम के वनवास से लेकर लंका विजय और राम के अयोध्या आगमन तक का उल्लेख बहुत ही सुन्दर ढंग से सामने आया।




रामायण के चुनिंदा अंशों का राजस्थानी में अनुवाद करते कमल रंगा।

रंगा ने 'किण भांत अजब है अंदाज तुलसी रौ/ओ नमूनौ है गुंसाई रै झीणै अहसास रौ', राजतिलक रै हरख में अेक अणहोणी हुयगी/कैकेई नैं रामचंदर जी सु अदावत हुयगी.., भोर हुंवतै-हुंवतै चरचा चौफेर फैलगी/जिण सुणी उण रै अचरज री बात हुयगी', कांई हुयौ कै रातभर में हरख मातम हुयग्यौ/कांई हुयौ कै रामचंदर जी नैं बनवास हुयग्यौ', राजपाट बैठावण नैं कोई नीं हो/राजा दसरथ नैं उठावण नैं कोई नीं हो' अर अंश वाचन में छेकड़ में रंगा ने वाचन करियौ -देखण में लागी कै हड़मान जी री चालगी/ असल में सीता री आह ही लंका बालगी.... इस तरह रंगा ने रामायण के सार को प्रस्तुत किया। रंगा ने इस अवसर पर कहा कि बादशाह राणा द्वारा उर्दू रामायण अपना महत्व रखती है। वहीं उन्होंने कहा कि राजस्थानी के अलावा भी अन्य भारतीय भाषाओं में छंद युक्त या लयात्मकता लिए हुए रामायण के सार को अनुवाद करना एक सुखद और सृजनात्मक उपक्रम होगा।

राजस्थानी अनुवाद में रामायण का लयात्मक वर्णन सुन सहभागी कवि गिरिराज पारीक, संजय सांखला, भवानी सिंह, गंगाबिशन बिश्नोई, हरिनारायण आचार्य, चांद सांखला, राजेश गुप्ता, अरुण गौड़, घनश्याम ओझा, अख्तर अली, भैरूरतन रंगा, शिवम, राहुल, इंद्रजीत रंगा, तोलाराम सहारण, जीवण लाल रंगा, गोविंद सहित सभी उपस्थित सहभागियों ने रामायण जैसी महान काव्य रचना का राजस्थानी में अनुवाद का आनंद लेते हुए इस आयोजन को एक सार्थक पहल बताया और कहा कि इसके और अधिक अंश आने वाले वर्ष में अनुवाद होकर आमजन तक पहुंचे तो इसकी सार्थकता और अधिक होगी। प्रज्ञालय के राजेश रंगा ने सभी को दीप पर्व की शुभकामना दी।

# 'रात 8 बजे बाद शराब की दुकानें खुली मिलें तो कार्रवाई

■ **दीपावली पर शहर में यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए बेहतर प्रबंध करने को कहा**

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने आबकारी विभाग को रात 8 बजे के बाद शराब की दुकानों खुली मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कृषि, परिवहन, जिला अग्रणी बैंक, पुलिस विभाग, रसद विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग को दीपावली के मद्देनजर शहर में यातायात को सुचारू व व्यवस्थित बनाए रखने के लिए बेहतर प्रबंध करने को कहा। सुरक्षा के मद्देनजर बिना नंबर प्लेट व लाइसेंस, ओवरलोडिंग वाहनों सहित बिना हेलमेट के वाहन चालकों के चालान काटने ओर आवश्यकता अनुसार ऐसे वाहनों को जब्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति में और सुधार लाने व गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषाहार तथा स्मार्ट टीवी के माध्यम से होने वाली गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से महिला सुरक्षा सलाह केन्द्रों व सखी वन स्टॉप सेंटर में प्राप्त प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निस्तारित करवाएं।

उन्होंने कहा कि विभागीय केन्द्रों के माध्यम से पीडित महिलाओं को अस्थायी आश्रय, कानूनी व चिकित्सा परामर्श, रोजगार, प्रशिक्षण व काउंसलिंग जैसी अन्य सहायता प्रदान की जाए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ऐसे समस्त केन्द्रों पर दर्ज प्रकरणों की सूचना आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास व महिला अधिकारिता विभाग को उड़ान योजना के तहत सेनेटरी नैपकिन की आपूर्ति एवं वितरण संबंधित कार्यों की ब्लॉक स्तर पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा सेतु योजना का लाभ हर पात्र ड्रॉप आउट बालिका और महिला को मिल सके, इसके लिए और अधिक प्रयास किए जाए। ग्राम पंचायतों में साथिनों की मदद से विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करवाया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को जिले के समस्त विद्यालयों का सर्वे करवाने व जर्जर हुए कमरों की सूचना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।